# आकाशवाणी शिमला

## 12.09.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

**मुख्य समाचार**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता जन केन्द्रित और मानवता को प्राथमिकता देने के दृष्टिकोण पर आधारित।**
- **राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने हिमालय संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने पर दिया बल।**
- **मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–नशा तस्करी से अर्जित अवैध सम्पत्ति को जब्त करेगी सरकार।**
- **विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों को मिली नई पहचान।**
- **राष्ट्रीय लोक अदालत में आज प्रदेशभर में एक लाख 11 हजार से अधिक मामलों का हुआ निपटारा।**

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता जन केन्द्रित और मानवता को प्राथमिकता देने के दृष्टिकोण पर आधारित है। नई दिल्ली के भारत मण्डपम में आज 18वें ब्रिक्स सम्मेलन के उदघाटन सत्र में उन्होंने कहा कि लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता निर्माण के लिए भारत की प्रमुख प्राथमिकताएं रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 20 वर्षों में ब्रिक्स ने वैश्विक मंच पर अपनी अलग पहचान बनाई है और ये शिखर सम्मेलन एक ऐतिहासिक पड़ाव है। प्रधानमंत्री ने ब्रिक्स अध्यक्ष के रूप में बहुमूल्य योगदान, रचनात्मक भावना और प्रतिबद्धता के लिए नेताओं के प्रति आभार जताया। ब्रिक्स के 20 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में 2 स्मारक डाक टिकट भी जारी किए गए।

**राज्यपाल**

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने हिमालय संरक्षण को सरकारी प्रयासों तक सीमित न रखकर इसे जन आंदोलन का स्वरूप देने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि हिमालय संरक्षण के साथ ही राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मजबूती मिलेगी। धर्मशाला में आज एक संगोष्ठी में उन्होंने कहा कि हिमालय का संरक्षण केवल पर्यावरण संरक्षण का विषय नहीं बल्कि मानव जीवन, क्षेत्रीय सुरक्षा और सम्पूर्ण समाज के भविष्य से जुड़ा विषय है। प्रधानमंत्री के **एक पेड़ माँ के नाम** अभियान का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में युवाओं और आम नागरिकों को भागीदारी महत्वपूर्ण है। संगोष्ठी के दौरान विभिन्न विषयों पर प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन भी किया गया।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि शिक्षा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाती है। वे आज सोलन जिले में एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। रोहित ठाकुर ने युवाओं से अपने कौशल के माध्यम से देश के लिए कुछ नया करने, रोजगार के अवसर सृजित करने और विकास में अपना योगदान देने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करने और उन्हें रोजगार के सीधे अवसर उपलब्ध करवाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। दीक्षांत समारोह में कुल एक हजार 47 विद्यार्थियों को उपाधि सहित 4 स्वर्ण पदक प्रदान किए गए।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि नशे के कारोबार के खिलाफ सरकार की निर्णायक जंग जारी है और नशा तस्करी से अर्जित अवैध सम्पत्तियों को जब्त किया जाएगा। उन्होंने आज शिमला में बताया कि सरकार की कार्रवाई केवल नशा तस्करों की गिरफ्तारी तक ही सीमित नहीं है। सरकार का लक्ष्य नशे के पूरे नेटवर्क, उसकी आर्थिक व्यवस्था और इससे अर्जित अवैध सम्पत्ति को पूरी तरह ध्वस्त करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को इस दिशा में पूरी स्वतंत्रता दी गई है और सरकार उन्हें हर सम्भव सहयोग दे रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल देवभूमि है और इसे नशे की गिरफ्त में फंसाने के प्रयासों को सफल नहीं होने दिया जाएगा।

**धर्माणी**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने ए.आई. सहित नई प्रौद्योगिकियों में नवाचार को बढ़ावा देने पर बल दिया है। जापान के टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में उपमिशन प्रमुख आर.मधुसूदन से एक भेंट के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को जापान की तकनीकी दक्षता, कौशल विकास और नवाचार से जोड़ने की अपार सम्भावनाएं हैं। धर्माणी ने कहा कि इस पहल से विद्यार्थियों और युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा, प्रशिक्षण व रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

**अग्निहोत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि ऊना जिले के हरोली क्षेत्र को खेलों के हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। हरोली में आज एक खेल प्रतियोगिता के समापन पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण किया जा रहा है और इंडोर स्टेडियम भी बनाए जा रहे हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली महाविद्यालय के दूसरे भवन का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों को नई पहचान व नई दिशा मिली है। मण्डी जिले के बालीचौकी में आज खेल प्रतियोगिता के शुभारम्भ पर उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया जैसे अभियानों के माध्यम से प्रतिभावान खिलाड़ियों को जमीनी स्तर से आगे बढ़ने के अवसर मिले हैं और देश में खेल संस्कृति को मजबूत करने का काम हुआ है। जयराम ठाकुर ने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आहवान किया।

**लोक अदालत**

प्रदेश के सभी न्यायालयों में प्री–लिटिगेशन और लम्बित मामलों के लिए आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालतों में विभिन्न मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया गया। शिमला के जिला व सत्र न्यायधीश रंजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि आज एक सौ 45 बैंचों के समक्ष एक लाख 46 हजार 8 सौ 25 मामले उठाए गए जिनमें से एक लाख 11 हजार 2 सौ 19 मामलों का निपटारा किया गया है।

**विरोध**

शिमला में कमला नेहरू अस्पताल को आईजीएमसी शिफ्ट करने के मामले में अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति 15 सितम्बर को सचिवालय के बाहर प्रदर्शन करेगी। समिति के पदाधिकारियों ने शिमला में कहा कि रोबोटिक सर्जरी की आड़ में सरकार इस ऐतिहासिक अस्पताल को नष्ट करने पर तुली हुई है। समिति की सचिव फालमा चौहान ने बताया कि कमला नेहरू अस्पताल को बचाने के लिए प्रदेश भर में एक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसे जनता का भरपूर समर्थन मिला है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता जन केन्द्रित और मानवता को प्राथमिकता देने के दृष्टिकोण पर आधारित।
- राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने हिमालय संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने पर दिया बल।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–नशा तस्करी से अर्जित अवैध सम्पत्ति को जब्त करेगी सरकार।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों को मिली नई पहचान।
- राष्ट्रीय लोक अदालत में आज प्रदेशभर में एक लाख 11 हजार से अधिक मामलों का हुआ निपटारा।